QP CODE: 32203

Second Semester B.Com. Degree Examination, May/June 2026
(NEP Scheme)
HINDI LANGUAGE - Group - I Paper - II
(NCB 0030) (गद्य फुलवारी और गद्य लेखन)

Time: 2 Hours

Max. Marks: 60

Instructions to students:

1. **The students should legibly write Section number along with question numbers within the margin only.**
2. **The answers without Section number and question numbers will not be valued**
3. **Section - I Multiple Choice Questions should be answered in the first page of main answer book and same questions shall not be answered repeatedly.**
4. **Any identifications like marking, ticking, dots etc., in the options of MCQ Questions (Section-I) on the question paper is strictly prohibited. Do not write anything (except register number) on the question paper.**

SECTION - I

I. इस प्रश्नपत्र में 10 बहुविकल्पीय प्रश्न अनिवार्य हैं । हर एक प्रश्न के लिए एक अंक है: **10x1=10**

I.-1) सेठ बाजोरिया पात्र किस व्यवस्था का प्रतीक है ?
a) समाजवादी व्यवस्था, b) साम्राज्यवादी व्यवस्था, c) पूँजीवादी अर्थव्यवस्था, d) अधिनायकवादी व्यवस्था।

I.-2) सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए अक्सर जाने वाले अधिक लोग कौन होते हैं ?
a) पैसेवाले, b) स्त्री, c) गरीब, d) पुरुष।

I.-3) बचपन में लेखिका ने नानी से कौन सी कहानी सुनी थी ?
a) बेला रानी की कहानी, b) माता का हृदय, c) भाई का प्रेम, d) राजा-रानी की कहानी।

I.-4) 'एक बडे अस्पताल के बारे में', व्यंग्य निबंध में 'आँख जो है वह एक बला है' यह किसने कहा था।
a) बनारसीदास, b) लक्ष्मीनारायण मिश्र, c) पं.प्रतापनारायण मिश्र, d) रामचन्द्र शुक्ल।

I.-5) लेखक रामकुमार वर्मा सोलह साल बाद महात्मा गाँधी जी से कहाँ पर जा मिला था ?
a) साबरमती में, b) पोरबंदर में, c) सेवाग्राम में, d) गाँधी भवन में।

I.-6) 'आवाज' साप्ताहिक का संपादन दिवाकर कब से चलाते आ रहा था ?
a) पाँच साल से, b) आठ साल से, c) दस साल से, d) नौ साल से।

I.-7) देवताओं के राजा कौन है ?
a) शिव, b) ब्रह्म, c) शंकर, d) इन्द्र।

I.-8) हिन्दू-मुसलमानों के सहयोग से 'सुभान खाँ' ने क्या बनवाई थी ?
a) मस्जिद, b) मंदिर, c) चैत्य, d) गिरजा।

I.-9) वास्तव में 'जमनोत्री' का आकर्षण क्या है ?
a) तीन तप्त कुण्ड, b) देवदारू, c) कालिंदी-गिरि, d) शीत प्रदेश।

I.-10) 'आवारा मसीहा' किस प्रसिद्ध लेखक पर आधारित जीवनी हैं ?
a) रवीन्द्रनाथ ठाकूर, b) प्रेमचंद, c) महात्मा गाँधी, d) शरतन्द्र चट्टोपाध्याय।

SECTION - II

II. किन्हीं पाँच अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए: **5x3=15**

II.- 1) उन हाथों ने बचपन में न जाने कितनी बार मेरे उलझे बाल सुलझा कर बडी कोमलता से बाँध दिए थे।
II.- 2) वे पतित-पावनी हमारे पापों को बहा भी ले जाती हैं।
II.- 3) शायद आप समझ नहीं पा रहे हैं कि आप अपने पैरों पर कुल्हाडी मार रहे हैं।
II.- 4) तू कर्तव्यच्युत अपराधी है। विधाता ने तुझे पतितपावन बनाकर शुभ कर्म सौंपा, तू मनोविकार का शिकार हो गया।
II.- 5) मेरी कविता धन्य हो गई, जो आपके कंठ से उच्चरित हो रही है।
II.- 6) भाग जाओ यहाँ से, घूस लेना पाप है।
II.- 7) लेकिन वे तो हमारी आँखों से दूर हैं। देखते हुए मक्खी कैसे निगली जाएगी।
II.- 8) मगर तुम्हारी भी असलियत का पता तभी चलेगा, जब ऐसे बेकार निबंध को पढोगे।

SECTION - III

III. किन्हीं तीन प्रश्न के लिए उत्तर लिखिए:- **3x5=15**

III.-1) 'भाभी' की चारित्रिक विशेषताओं को अपने शब्दों में लिखिए ?
III.-2) 'सुभान खाँ' रेखाचित्र के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए ?
III.-3) 'एक बडे अस्पताल के बारे में' व्यंग्य रचना के आशय को स्पष्ट कीजिए ?
III.-4) पठित एकांकी केआधार परसेठ बाजोरिया का पात्र-चित्रण कीजिए ?
III.-5) 'सदाचार का तावीज' व्यंग्य की विषयवस्तु लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ??

SECTION - IV

IV. 1) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए:- **1x10=10**

1) इलैक्ट्रानिक मीडिया, 2) समय का सदुपयोग, 3) भारतीय संवधिान

IV. 2) निम्नलिखित पैराग्राफ संक्षिप्तीकरण करके उचित शीर्षक दीजिए:- **1x10=10**

भारत में पर्यावरण संरक्षण का इतिहास बहुत पुराना है। हडप्पा संस्कृति पर्यावरण से ओत-प्रोत थी, तो वैदिक संस्कृति पर्यावरण-संरक्षण हेतु पर्याय बनी रही। भारतीय मनीषियों ने समूची प्रकृति ही क्या, सभी प्राकृतिक शक्तियों को देवता स्वरूप माना। ऊर्जा के स्त्रोत सूर्य को देवता माना तथा उसको 'सूर्य देवो भव' कहकर पुकारा। भारतीय संस्कृति में जल को भी देवता माना गया है। सरिताओं को जीवन दायिनी कहा गया है, इसीलिए प्राचीन संस्कृतियां सरिताओं के किनारे उपजीं और पनपी। भारतीय संस्कृति में केला, पीपल, तुलसी, बरगद, आम आदि पेड पौधों की पूजा की जाती रही है। मध्यकालीन एवं मुगलकालीन भारत में भी पर्यावरण प्रेम बना रहा। अंग्रेजों ने भारत में अपने आर्थिक लाभ के कारण पर्यावरण को नष्ट करने का कार्य प्रारंभ किया। विनाशकारी दोहन नीति के कारण परिस्थितिवश असंतुलन भारतीय पर्यावरण में ब्रिटिश काल में ही दिखने लगा था। स्वतंत्र भारत के लोगों में पश्चिमी प्रभाव, औद्योगीकरण तथा जनसंख्या विस्फोट के परिणामस्वरूप तृष्णा जाग गई जिसने देश में विभिन्न प्रकार के प्रदूषणों को जन्म दिया।

* * *